रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

गणतन्त्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में ध्वजारोहण का आयोजन तथा कर्तव्य पथ पर महाविद्यालय की एन.सी.सी. कैडेट का नई दिल्ली में परचम

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के लिए वर्ष 2023 का गणतंत्र दिवस काफी विशेष और महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने वाला है।

आज 26 जनवरी 2023 को महाविद्यालय की एनसीसी तृतीय वर्ष की सीनियर अंडर अफसर निधि सोनी गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड में शामिल होकर कर्तव्य पथ पर चलकर पूरे गोंडा के साथ साथ महाविद्यालय का भी नाम रोशन किया।

बताते चले कि एनसीसी का गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय कैम्प, एनसीसी प्रशिक्षण के सर्वोच्च शिविरों में आता है। पूरे भारत वर्ष से हजारों एनसीसी कैडेट्स इस कैंप में प्रतिभाग करने के लिए महीनों तक कठोर परिश्रम करते है किन्तु उनमें से कुछ का ही अंतिम चयन इस शिविर के लिए होता है। बेहतरीन ड्रिल, उच्च मनोबल और उच्च अनुशासन क्षमता के परिणामस्वरूप किसी एनसीसी कैडेट को यह मुकाम प्राप्त हो पाता है।

इस शिविर के सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स के बीच मात्र 149 कैडेट्स को ही कर्तव्य पथ के मार्चिंग दस्ते का सदस्य बनने का अवसर प्राप्त हो पाता है और निधि सोनी द्वारा वह स्थान प्राप्त करना अपने आप में उसे विशिष्ट बनाता है।

इस अवसर पर 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संजीव और समस्त ट्रेनिंग स्टाफ ने निधि को बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार इसे अत्यन्त हर्ष की बात बताते हुए निधि को जीवन की सर्वोच्च ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए शुभेक्षा संदेश प्रेषित किया।

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह और सचिव उमेश शाह जी द्वारा निधि सोनी के वापस लौटने पर सम्मानित किया गया ।

48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा की तरफ से भी 1300/. रूपये की सम्मान राशि का चेक निधि को प्राप्त हुआ।

सीनियर अंडर अफसर निधि सोनी की इस उपलब्धि पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा एनसीसी इकाई द्वारा निधि को उज्जवल भविष्य की असीम शुभकामनाएं।

जय हिन्द।

--- अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर, एन.सी.सी. उप-इकाई



जागरण

दैनिक जागरण | 5
लखनऊ, 26 जनवरी, 2023

गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल होंगी निधि

निधि सोनी • जागरण

संसू, गोंडा : श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के राष्ट्रीय कैडेट कोर की कैडेट निधि सोनी गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल होंगी। उनका चयन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड में एनसीसी के बालिका दल में किया गया है।

महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निधि एनसीसी से जुड़ी हुई हैं। पिता संतोष सोनी डिग्री कालेज में ही कर्मचारी हैं। प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह कालेज व बटालियन के लिए गर्व का विषय है। मुख्य नियंता प्रोफेसर श्याम बहादुर सिंह, डा. जितेंद्र सिंह, डा. आरबी सिंह बघेल, अमित कुमार शुक्ल व डा. चमन कौर ने प्रसन्नता व्यक्त की।



REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda